


नवभारत 03
इंदौर,गुरुवार, 12 मार्च, 2026


# आग से कहीं आशियाने उजड़े तो कहीं साल भर की मेहनत हुई राख



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिले में मंगलवार का दिन काल बनकर आया, जहाँ आग की दो अलग-अलग घटनाओं ने मानवता और आजीविका दोनों को गहरे जख्म दिए हैं। एक ओर पंधाना तहसील के खापरी गांव में छह आदिवासी परिवारों के सिर से छत छिन गई और उनके मूक पशु जिंदा जल गए, वहीं दूसरी ओर जावर क्षेत्र में बिजली विभाग की लापरवाही ने दो किसानों के सुनहरे भविष्य को धुआं कर दिया।

**खापरी गांव में तबाही का मंजर: राख में तब्दील हुए सपने** - पंधाना तहसील के ग्राम जामली खुर्द (खापरी गांव) के धनतर फालिया में प्रकृति का ऐसा क्रूर रूप देखने को मिला, जिसने छह आदिवासी परिवारों की पूरी दुनिया उजाड़ दी। कल तक जहाँ बच्चों की किलकारियां और चूल्हे की महक थी, आज वहां सिर्फ राख का ढेर और सिसकियाँ शेष हैं। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते छह कच्चे मकान धू-धू कर जल उठे। घरों में रखा अनाज, कपड़े, बर्तन और संदूक में रखे पारंपरिक चांदी के आभूषण तक आग की भेंट चढ़ गए। इस त्रासदी का सबसे मार्मिक पहलू बेजुबान जानवरों की मौत रही। बाड़े में बंधी लगभग 20 बकरियां जिंदा जल गईं और एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रैक्टर-कल्टीवेटर से सुरक्षा घेरा बनाकर पास के खेतों को तो बचा लिया, लेकिन इन परिवारों के पास अब न पहनने को कपड़े बचे हैं और न ही दो वक्त की रोटी।



ग्राम खापरी में 6 मकान सहित मवेशी भी आग में जल गए।

**बेनपुरा डोंगरी में बरपा बिजली का कहर: 7 एकड़ का गेहूं स्वाहा** :जावर थाना क्षेत्र के ग्राम बेनपुरा डोंगरी में हाईटेंशन बिजली लाइन की स्पार्किंग किसानों पर कहर बनकर टूटी। पकी हुई गेहूं की फसल के ऊपर से गुजर रही तारों से निकली चिंगारी ने तेज हवाओं के बीच विकराल रूप ले लिया। किसान अयाज खान और अहमद खान की करीब 7 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल देखते ही देखते राख के ढेर में बदल गई। लगभग 200 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होना था, जिसकी कटाई महज एक-दो दिन में शुरू होने वाली थी। पीड़ित किसानों का कहना है कि उनकी साल भर की मेहनत मिट्टी में मिल गई और अब परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। दोनों ही घटनाओं की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नुकसान का पंचनामा तैयार कर लिया है। प्रभावित ग्रामीणों और किसानों ने जिला प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता, फसल बीमा और झूलती खतरनाक बिजली लाइनों को दुरुस्त करने की मांग की है। इन बेघर और लाचार हुए लोगों को अब सरकार से ही संबल की उम्मीद है।

## ओर इधर नरवाई जलाने पर 15 हजार जुर्माना

जहाँ एक तरफ किसान आग की चपेट में आने से बर्बाद हो रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जानबूझकर खेतों में नरवाई जलाने वालों पर नकेल कसी जा रही है। इसी क्रम में ग्राम पाबई खुर्द में गेहूं की नरवाई जलाना एक किसान के लिए भारी पड़ गया और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का उल्लंघन करने पर प्रशासन ने उन पर 15 हजार रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। जानकारी के मुताबिक इंदौर निवासी किसान हेमराज ने अपने 10 एकड़ के खेत में फसल कटाई के बाद अवशेषों को आग के हवाले कर दिया था, जिसकी सूचना मिलते ही पटवारी और राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और तहसीलदार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आर्थिक दंड जारी किया।

### एक नजर में

## किसान समय पर ऋण चुकाएं नहीं तो देना होगा 12% ब्याज

**खंडवा।** जिला सहकारी बैंक ने किसान सदस्यों से अपील की है कि वे खरीफ-2025 सीजन में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लिया गया अल्पकालीन कृषि ऋण निर्धारित समय सीमा तक जमा कर दें। ऋण अदायगी की अंतिम तिथि 28 मार्च 2026 तय की गई है। जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि खंडवा एवं बुरहानपुर जिले की 157 पैक्स समितियों के किसान सदस्यों ने खरीफ-2025 सीजन के लिए केसीसी के माध्यम से अल्पकालीन कृषि ऋण लिया है। सभी किसानों से अनुरोध किया गया है कि वे 28 मार्च तक अपना संपूर्ण ऋण जमा कर दें, ताकि शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

उन्होंने बताया कि यदि किसान निर्धारित तिथि तक ऋण जमा नहीं करते हैं, तो उन्हें शून्य प्रतिशत ब्याज योजना का लाभ नहीं मिल पाएगा। ऐसे में किसानों को ऋण लेने की तिथि से 28 मार्च तक 7 प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा।

वहीं यदि ऋण 28 मार्च के बाद भी बकाया रहता है और खाता कालातीत हो जाता है, तो कालातीत होने की तिथि से लेकर ऋण जमा करने की तिथि तक 12 प्रतिशत की दर से ब्याज देना पड़ेगा।

## श्री सावले को पंधाना एस डी एम का प्रभार मिला

**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने डिप्टी कलेक्टर श्री दिनेश सावले को पंधाना एस डी एम का प्रभार सौंपने के आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार डिप्टी कलेक्टर दीक्षा भगोरे को कलेक्ट्रेट की निर्वाचन शाखा सहित अन्य शाखाओं का प्रभार सौंपा गया है।

## राजीव कानूनगो का निधन



**मूंदी।** समाजसेवी एवं लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष राजीव कानूनगो का 56 वर्ष की उम्र में बुधवार को आसामयिक निधन हो गया आज उनकी शव यात्रा में गणमान्य जनो नेभाग लिया और शोक संवेदना व्यक्त कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की मुख अग्नि उनके पुत्र पीयूष कानूगो ने दी।

## डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 7 दिवसीय लेखन सृजन कार्यशाला प्रारंभ




**खंडवा।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 'वनमाली लेखन सृजन' विषय पर सात दिवसीय लेखन कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। वनमाली सृजन पीठ के तत्वावधान में महर्षि करवे मानविकी, कला एवं भाषा अध्ययन शाला द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में छात्र, लेखक और रचनाकार कथा, कहानी, कविता और संस्मरण जैसी विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार एवं वनमाली सृजन पीठ के अध्यक्ष गोविंद शर्मा थे, जबकि अध्यक्षता कुलगुरु डॉ. अरुण रमेश जोशी ने की। कार्यक्रम में संयोजक श्रीमती गीतिका चतुर्वेदी, कुलसचिव रवि चतुर्वेदी, डॉ. नुसरत आरा शेख, डॉ. सुरभि डिंडोर सहित प्राध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। कुलगुरु डॉ. जोशी ने कहा कि वर्तमान इंटरनेट युग में लेखन कौशल अत्यंत महत्वपूर्ण है और विद्यार्थियों को इसे सशक्त बनाना चाहिए। मुख्य वक्ता गोविंद शर्मा ने 'लघु कथा लेखन' विषय पर मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को व्यावहारिक अभ्यास कराया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति गौर तथा आभार चंद्रकांत टेम्बै ने व्यक्त किया।

## दो पटवारी निलंबित

**खंडवा ।** बुधवार को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने तहसील कार्यालय छैगांवमाखन का आकस्मिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान कर्तव्यों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने दो पटवारियो को निलंबित करने के निर्देश दिए।

एसडीएम खंडवा श्री ऋषि कुमार सिंघई ने बताया कि जिन 2 पटवारियो को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए है, उनमें छैगावंमाखन के ग्राम संगवाडा में पदस्थ पटवारी श्री आनंद कुलकर्णी और ग्राम देशगांव में पदस्थ पटवारी श्री अनिल चौहान शामिल हैं। निलम्बन काल में दोनों पटवारियों का मुख्यालय तहसील कार्यालय छैगांवमाखन निर्धारित किया गया है। निलम्बन काल में इन पटवारियों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी ।

# अपराध नियंत्रण और पुलिस वेलफेयर पर आईजी का जोर

## पुलिस लाइन में हुआ वार्षिक निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। इंदौर जोन (ग्रामीण) के पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग ने खंडवा जिले के अपने दो दिवसीय वार्षिक निरीक्षण के दूसरे दिन पुलिस लाइन और कंट्रोल रूम में विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस परेड, बलवा ड्रिल और शासकीय वाहनों का बारीकी से निरीक्षण किया।**

सुबह पुलिस लाइन मैदान पर आयोजित परेड में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और 120 जवानों ने हिस्सा लिया। आईजी ने जवानों के टर्न-आउट की प्रशंसा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। कानून-व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए की गई बलवा परेड की सराहना करते हुए उन्होंने थाना प्रभारियों को व्यावहारिक चुनौतियों से निपटने के गुर सिखाए। साथ ही, वज्र वाहन और अन्य सरकारी वाहनों के रखरखाव हेतु सूबेदार ज्योति रघुवंशी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस सम्मेलन के दौरान आईजी ने लगभग 200 पुलिसकर्मियों की समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जनता की सेवा का अवसर गर्व की बात है। उन्होंने जवानों को शारीरिक गतिविधियों और हार्टफुलनेस ध्यान कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने की सलाह दी। आईजी ने नवनिर्मित आरओ प्लांट, पुलिस अस्पताल और आवासीय परिसर का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के अंतिम चरण में पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में आईजी ने लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण और संपत्ति संबंधी मामलों में प्रभावी पतारसी के निर्देश दिए। उन्होंने सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट डालने वालों पर सख्त कार्रवाई और सायबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सायबर ठगी की स्थिति में नागरिक तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं।



# मोतियाबिंद के 27 मरीजों को नि :शुल्क सर्जरी के लिए इंदौर रवाना

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना में नि:शुल्क नेत्र जाँच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि शिविर में 47 मरीजों की आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिये चिन्हित 27 को नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए चौइथराम नेत्रालय इन्दौर भेज दिया गया है। इन मरीजों को वहां आने जाने, रहने-खाने व अन्य जरूरी सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। डॉ. जुगतावत ने बताया कि जिला चिकित्सालय खण्डवा में मोतियाबिंद के मरीजों को प्रतिदिन लैंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है।



# आदर्श दुग्ध समिति के लिए सदस्य जागरूकता जरूरी : पगारे

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सभागृह में दुग्ध सहकारी संस्थाओं के सदस्यों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में इंदौर दुग्ध संघ के पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक एनके पगारे ने आदर्श दुग्ध समिति कैसी हो विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समिति को आदर्श बनाने के लिए सदस्यों की जागरूकता, पशुओं की सही देखभाल और दूध की स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण दूध देने पर सदस्यों को उचित मूल्य मिलता है तथा समिति की प्रतिष्ठा भी बढ़ती है। सहकारी प्रशिक्षण केंद्र के पूर्व प्राचार्य केएल राठौर ने संस्था के प्रति सदस्यों की जिम्मेदारी और कर्तव्यों की जानकारी दी। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मुख्य पर्यवेक्षक गजेंद्र अत्रे ने बैंक की योजनाओं और ऋण सुविधाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में खंडवा दुग्ध संयंत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश झारिया सहित लगभग 155 सदस्यों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला सहकारी संघ के प्रबंधक शमेहताब सिंह भदोरिया एवं आभार सहायक प्रबंधक मनोज पालीवाल द्वारा किया गया ।



# दिल्ली में तरुण खटीक की हत्या के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** दिल्ली में तरुण खटीक नामक युवक की निर्मम हत्या के विरोध में अखिल भारतीय खटीक समाज सहित सकल हिन्दू समाज के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। खटीक समाज खंडवा के जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा ने बताया कि इस घटना से पूरे हिन्दू समाज में आक्रोश और पीड़ा है। उन्होंने कहा कि यह घटना सामाजिक समरसता, शांति और कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

ज्ञापन में मांग की गई कि दिल्ली में हुई इस हत्या की निष्पक्ष, त्वरित और उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा मामले में शामिल सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई। साथ ही आरोपियों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर उन्हें कठोरतम दंड के साथ पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, सुरक्षा और शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज और सकल हिन्दू समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



# पीएचडी कर सीमा राठौर ने बढ़ाया गौरव

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** मूंदी नगर की प्रतिभाशाली शोधार्थी सीमा राठौर पिता वीरेंद्र कुमार राठौर ने शिक्षा शास्त्र विषय में रविंद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, भोपाल से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। उनका शोध विषय शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की गणित एवं अंग्रेजी विषय की शैक्षिक उपलब्धि पर परंपरागत एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के प्रभाव का तुलनात्मक अध्ययन रहा। इस शोध कार्य का मार्गदर्शन डॉ रेखा गुप्ता ने किया। जिला शिक्षा अधिकारी पीएस सोलंकी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनका शोध शिक्षा क्षेत्र में उपयोगी सिद्ध होगा। परिवारजनों व शुभचिंतकों ने भी हर्ष व्यक्त कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# खंडवा-अलीराजपुर नई रेल लाइन की मांग तेज, पीएमओ में सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** निमाड़ और आदिवासी अंचल को रेल सुविधा से जोड़ने की मांग को लेकर ताप्ती-नर्मदा रेलवे लाइन समिति के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रधानमंत्री कार्यालय में सौंपा। समिति अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुजान सिंह राठौड़ सहित सदस्यों ने खंडवा-अलीराजपुर नई रेलवे लाइन को शीघ्र मंजूरी देने की मांग की ।समिति सदस्य व समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि प्रस्तावित रेल लाइन से निमाड़ के वनवासी क्षेत्रों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। इससे आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और व्यापार, शिक्षा तथा रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। साथ ही खंडवा का गुजरात से सीधा संपर्क स्थापित होने से लगभग 200 किलोमीटर की दूरी का लाभ मिलेगा। समिति ने बताया कि इस परियोजना को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग मिल रहा है।



केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, धार सांसद अनीता नागर सिंह चौहान, खरगोन-बड़वानी सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, राज्यसभा सदस्य सुमेर सिंह सोलंकी और खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल इस दिशा में प्रयासरत हैं।

समिति के अनुसार प्रस्तावित मार्ग का पैदल सर्वे पूरा हो चुका है और अब ड्रोन सर्वे शुरू हो गया है। सर्वे पूर्ण होने के बाद रेल लाइन निर्माण की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद जताई गई है।

# सामाजिक संस्थाओं ने आईजी अनुराग कुमार का किया स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** पुलिस महानिरीक्षक अनुराग कुमार दो दिवसीय दौरे पर खंडवा पहुंचे। ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे उनके खंडवा आगमन पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और गणमान्य नागरिकों ने उनका स्वागत किया।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स, किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच, लायन्स क्लब, रोटरी क्लब, जेसीआई सहित अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने आईजी का अभिनंदन किया। इस दौरान चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुनील बंसल, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, रणवीर सिंह चावला, नारायण बाहेती, अनिल बाहेती, समाजसेवी सुनील जैन सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। चर्चा के दौरान प्रतिनिधियों ने शहर में पुलिस बटालियन स्थापना, यातायात व्यवस्था सुधार, डिवाइडर व ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था, हिन्दू बाल सेवा सदन के पास पुलिस चौकी तथा इंदौर रोड भैरोघाट क्षेत्र में दिन-रात पुलिस पेट्रोलिंग की मांग रखी। आईजी अनुराग कुमार ने कहा कि खंडवा की सामाजिक संस्थाएं जागरूक हैं और पुलिस जनजागरूकता कार्यों में सहयोग करती हैं। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास का आश्वासन दिया।



# जल जीवन मिशन की नल जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आज

**खंडवा।** जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत नलजल योजनाओ की समीक्षा बैठक कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में 12 मार्च को जनपद पंचायत खंडवा के सभाकक्ष में अपरान्ह 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में जनपद पंचायतो के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं ग्राम पंचायतो के सरपंच और सचिवों को भी उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र मे पेयजल के लिये सार्वजनिक उपयोग हेतु नवीन नलकूप खनन एवं हेण्डपंप स्थापना कार्य संपादित करने के संबंध में कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है।

# साध्वी पूनम दीदी की भजन संध्या गुड़ी पड़वा पर

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** हिंदू नववर्ष वर्ष प्रतिपदा गुड़ी पड़वा पर पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति, खंडवा द्वारा इस वर्ष भी भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस बार अपने 20वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। कार्यक्रम में वृंदावन की सुप्रसिद्ध भजन गायिका साध्वी पूनम दीदी अपने मधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगी। समिति के प्रवक्ता एवं समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि 19 मार्च को सुबह घंटाघर पर श्रद्धालु सूर्यदेव को अर्घ्य देकर हिंदू नववर्ष का स्वागत करेंगे। शाम को पुरानी अनाज मंडी में भजन संध्या का आयोजन होगा। समिति अध्यक्ष आशीष चटकेले सहित पदाधिकारियों ने शहरवासियों से इस भव्य भजन संध्या में शामिल होने का आग्रह किया है।

